# Daily Current Affairs

Date : 16 October, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | विकसित राजस्थान@2047 : विज़न डॉक्यूमेंट |
| 2. | ऑर्गेनिक फूड मार्केट और कृषि ज्ञान धारा 2.0 |
| 3. | IIT जोधपुर ने विकसित किया 'स्क्रैमजेट इंजन' |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. मनसुख रणवां स्मृति वाटिका<br>2. 1st तीरंदाजी प्रीमियर लीग<br>3. 'आयरनमैन स्पेन-2025 चैलेंज कॉन्टेस्ट'<br>4. कृष्ण वर्मा : इंडो-नेपाल यूथ चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक<br>5. राजस्थान केसरी कुश्ती दंगल<br>6. अदविका शर्मा |
| 5. | कोडेक्स कमेटी ऑन स्पाइसेस एंड कलिनरी हर्ब्स (CCSCH) |
| 6. | भारत-मंगोलिया राजनयिक संबंध |
| 7. | प्रमुख और गौण खनिज |
| 8. | भारत में हाथियों की स्थिति |
| 9. | वन घोषणा-पत्र आकलन, 2025 रिपोर्ट |
| 10. | 2025 की ग्लोबल हंगर इंडेक्स (GHI) रिपोर्ट: 20 इयर्स ऑफ ट्रैकिंग प्रोग्रेस: टाइम टू रिकमिट टू जीरो हंगर |
| 11. | विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट |
| 12. | लीगल इन्फोर्मेशन मैनेजमेंट एंड ब्रीफिंग सिस्टम (LIMBS) |
| 13. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ऑपरेशन चक्र V |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## विकसित राजस्थान@2047 : विज़न डॉक्यूमेंट

### चर्चा में क्यों?

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा 13 अक्टूबर, 2025 को 'विकसित राजस्थान@2047' विज़न डॉक्यूमेंट का विमोचन किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- यह विज़न डॉक्यूमेंट भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना के अनुरूप है।
- ज्ञातव्य है कि राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा आर्थिक समृद्धि, सतत् विकास एवं समावेशी प्रगति के विज़न डॉक्यूमेंट 'विकसित राजस्थान@2047' का 23 अगस्त, 2025 को अनुमोदन किया गया।
- **समावेशी विकास के चार स्तंभ :** राजस्थान सरकार का यह विज़न डॉक्यूमेंट चार प्रमुख थीम और 13 सेक्टर्स पर आधारित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| क्रम | प्रमुख थीम | आयाम |
|---|---|---|
| 1. | जनकल्याण और सामाजिक सशक्तीकरण | कृषि-खाद्य प्रणाली, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक समावेशन। |
| 2. | त्वरित विकास, समृद्धि और रोजगार सृजन | औद्योगिक, खनन, पर्यटन क्षेत्रों में नई संभावनाओं का विकास। |
| 3. | भविष्य उन्मुख राजस्थान | आधारभूत अवसंरचना, जल सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थायित्व, जलवायु अनुकूलता। |
| 4. | संवर्धक नीति, वित्त और शासन | ग्रामीण व शहरी विकास, प्रभावी शासन, डिजिटल सेवाएँ, वित्तीय प्रबंधन का मजबूतीकरण। |

### विज़न डॉक्यूमेंट के लक्ष्य:

- **आर्थिक विकास :** राजस्थान को वर्ष 2030 तक $350 बिलियन और वर्ष 2047 तक $4.3 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाना। निर्यात को वर्तमान के पाँच गुना तक बढ़ाना।
- **कृषि उत्पादकता :** वर्ष 2047 तक कृषि क्षेत्र में जलवायु अनुकूल और तकनीक आधारित खेती के माध्यम से उत्पादकता में 40 प्रतिशत तक वृद्धि करना।
- **स्वास्थ्य :** सार्वभौमिक स्वास्थ्य पहुँच, मातृ मृत्यु दर को 15 तक लाना, शिशु मृत्यु दर को प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 10 से कम करना और जीवन प्रत्याशा को 77 वर्ष तक पहुँचाना।
- **शैक्षणिक विकास :** शिक्षा एवं ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के विकास के लिए कौशल आधारित शिक्षा प्रणाली लागू करने, कम्प्यूटर युक्त स्मार्ट विद्यालयों की स्थापना तथा वर्ष 2047 तक शत-प्रतिशत स्कूली नामांकन का लक्ष्य।
- **महिला सशक्तीकरण :** महिलाओं की कार्यबल भागीदारी 60 प्रतिशत से अधिक करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **ऊर्जा :** ऊर्जा क्षेत्र में राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को 33 गीगावाट से बढ़ाकर 290 गीगावाट करना।

**क्रियान्वयन :**

- इस विज़न डॉक्यूमेंट को राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन (RITI) द्वारा नीति आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है।
- **राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी :** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में।
- 45 विभागों को 13 सेक्टरों में विभाजित करते हुए नोडल विभाग नामित किए गए हैं तथा विभागीय स्तर पर परियोजना प्रबंधन इकाइयाँ (PMU) स्थापित की गई हैं।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**विकसित भारत@2047 के लिए भारत के लक्ष्य:**

- **आर्थिक विकास :** 7-8 प्रतिशत वार्षिक की सतत् जीडीपी वृद्धि दर प्राप्त करना।
- **सामाजिक समानता :** गरीबी उन्मूलन, सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।
- **वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता :** भारत को शीर्ष तीन वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में स्थान दिलाना।
- **पर्यावरणीय स्थिरता :** वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाना।
- **औद्योगिक आधुनिकीकरण :** मेक इन इंडिया के तहत् जीडीपी में 25 प्रतिशत योगदान देने के लिए विनिर्माण को बढ़ावा देना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ऑर्गेनिक फूड मार्केट और कृषि ज्ञान धारा 2.0




## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा (जयपुर) में कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल द्वारा 'ऑर्गेनिक फूड मार्केट' का उद्घाटन किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित यह प्रदेश का पहला ऑर्गेनिक फूड मार्केट है।
- इस बाजार में सरकार द्वारा आमजन को ऑर्गेनिक गेहूँ, दालें, फल-सब्जी, दूध-दही-घी, तेल एवं मसाले सहित मोटे अनाज उपलब्ध कराए जाएंगे।
- **संबंधित विभाग :** कृषि विपणन विभाग, राजस्थान।
- **उद्देश्य :** राज्य में जैविक खेती से जुड़े उत्पादकों को उपभोक्ताओं तक पहुँचाने तथा उपभोक्ताओं को प्रमाणित जैविक उत्पाद उपलब्ध करवाना।
- ऑर्गेनिक फूड मार्केट वह बाज़ार होता है जहाँ ऐसे खाद्य पदार्थों की बिक्री होती है जो बिना रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों या अन्य कृत्रिम पदार्थों के इस्तेमाल के उगाए गए होते हैं।

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:


- **कृषि ज्ञान धारा 2.0 :** आधुनिक सूचना तकनीकी एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 'कृषि ज्ञान धारा 2.0' कार्यक्रम चलाया जा रहा है।
- कृषि ज्ञान धारा कार्यक्रम को परस्पर संवादात्मक बनाकर और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कृषि ज्ञान धारा 2.0 संस्करण पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर मार्च, 2025 से शुरू किया गया था। जिसे आधिकारिक तौर पर 16 अक्टूबर, 2025 को लॉन्च किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# IIT जोधपुर ने विकसित किया 'स्क्रैमजेट इंजन'

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) जोधपुर ने 'स्क्रैमजेट इंजन' तथा अंतरिक्ष से रॉकेट को वापस अपने लॉन्चिंग पेड पर लाने की तकनीक विकसित की।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार के नेतृत्व में यह सफलता प्राप्त की गई।

### स्क्रैमजेट इंजन:

- स्क्रैमजेट, रैमजेट इंजन का एक उन्नत संस्करण है, जो हाइपरसोनिक गति पर कुशलतापूर्वक काम कर सकता है।
- यह हाइपरसोनिक गति पर संचालित होता है और सुपरसोनिक दहन की अनुमति देता है। अतः इसे सुपरसोनिक दहन रैमजेट या स्क्रैमजेट के नाम से जाना जाता है।
- स्क्रैमजेट इंजन, ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का उपयोग करता है, वहीं वायुमंडलीय ऑक्सीजन का उपयोग ऑक्सीकारक के रूप में करता है।
- रैमजेट-चालित वाहन लगभग 3 से 6 मैक तक की गति से संचालित होते हैं। वहीं स्क्रैमजेट वाहन 15 मैक तक की गति प्रदान कर सकते हैं।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- **इंडस्ट्री 4.0 उत्कृष्टता केंद्र :** IHub दृष्टि फाउंडेशन (आईआईटी जोधपुर) द्वारा SMC इंडिया के सहयोग से इंडस्ट्री 4.0 टेक्नोलॉजीज के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा।
- **आनंद राठी टिंकरिंग लैब (ARTL) :** हाल ही में, आईआईटी जोधपुर में एक अत्याधुनिक आनंद राठी टिंकरिंग लैब (ARTL) को स्थापित किया गया है।
- **प्रोफेसर डॉ. योगेश्वर नाथ मिश्रा :** स्वच्छ दहन के लिए लेजर डायग्नोस्टिक्स में कार्य के लिए दुबई में आयोजित 'ज़ी गल्फ ग्रीन समिट एंड अवार्ड्स, 2025' से सम्मानित।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **मनसुख रणवां स्मृति वाटिका**<br>▪ हाल ही में, वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, सबलपुरा (सीकर) में शिक्षाविद् मनसुख रणवां स्मृति वाटिका का लोकार्पण किया। |
| 2. | **1st तीरंदाजी प्रीमियर लीग**<br>▪ हाल ही में, राजस्थान की राजपूताना रॉयल्स टीम ने पृथ्वीराज योद्धा को शूट-ऑफ में हराकर 1st तीरंदाजी प्रीमियर लीग (APL) का खिताब जीता। |
| 3. | **'आयरनमैन स्पेन-2025 चैलेंज कॉन्टेस्ट'**<br>▪ जयपुर के अभिन लुहाड़िया ने हाल ही में स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित 'आयरनमैन स्पेन-2025 चैलेंज कॉन्टेस्ट' को पूरा किया।<br>▪ इस कॉन्टेस्ट में उन्होंने तीन अलग-अलग चरणों में 3.86 किमी समुद्र तैराकी, 180.2 किमी साइक्लिंग और 42.195 किमी की फुल मैराथन को पूरा किया। |
| 4. | **कृष्ण वर्मा : इंडो-नेपाल यूथ चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक**<br>▪ हाल ही में, नेपाल के पोखरा में आयोजित इंडो-नेपाल यूथ चैम्पियनशिप के बॉक्सिंग इवेंट में 60 किलोग्राम वर्ग में सीकर के कृष्ण वर्मा ने गोल्ड मेडल जीता।<br>▪ फाइनल में उनका मुकाबला बैंकॉक के पाथाओंक से हुआ। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **5.** | **राजस्थान केसरी कुश्ती दंगल**<br>■ **आयोजन : कोटा में।**<br>■ **पहली बार फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती का आयोजन एक साथ किया गया।**<br>■ **राजस्थान केसरी का खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रतिमाह 10 हजार रुपए पेंशन दी जाएगी।** |
| **6.** | **अदविका शर्मा**<br>■ **जोधपुर में सम्पन्न योनेक्स-सनराइज राजस्थान स्टेट सब जूनियर अंडर-15 बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भीलवाड़ा की अदविका शर्मा ने दो गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता।**<br>■ **अदविका भुवनेश्वर में 1 से 6 दिसम्बर, 2025 तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी।** |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## कोडेक्स कमेटी ऑन स्पाइसेस एंड कलिनरी हर्ब्स (CCSCH)

### चर्चा में क्यों?

- कोडेक्स कमेटी ऑन स्पाइसेस एंड कलिनरी हर्ब्स का आठवाँ सत्र गुवाहाटी में शुरू हुआ।

### मुख्य बिन्दु:

- यह कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग (CAC) की एक सहायक समिति है। इसका उद्देश्य मसालों और खाद्य से जुड़ी वनस्पतियों के लिए वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य मानकों के अनुरूप मानक बनाना है।
- यह संयुक्त 'FAO/WHO फूड स्टैंडर्ड्स प्रोग्राम' का हिस्सा है।
- इस समिति की स्थापना जुलाई, 2013 में रोम में कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग की 36वीं बैठक में की गई थी।
- भारत इस समिति का मेजबान देश है। इसका सचिवालय कोच्चि स्थित स्पाइसेज बोर्ड द्वारा संचालित किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत-मंगोलिया राजनयिक संबंध

### चर्चा में क्यों?

- भारत-मंगोलिया राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे हुए। इस अवसर पर दोनों देशों ने अपनी रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगाँठ भी मनाई। इस अवसर पर मंगोलिया के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान कई महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर भी किए गए।

### मुख्य बिन्दु:

**हस्ताक्षरित प्रमुख समझौते**




- **विकास सहयोग:** दोनों देशों ने मंगोल ऑयल रिफाइनरी प्रोजेक्ट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस प्रोजेक्ट को भारत द्वारा 1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता से परिचालित किया जा रहा है।

- **सांस्कृतिक संबंध:** लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद और मंगोलिया के अरखानगाई प्रांत के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **आध्यात्मिक सहयोग:** भारत भगवान बुद्ध के दो शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्यायन के पवित्र अवशेष मंगोलिया भेजेगा। साथ ही, मंगोलिया की 10 लाख प्राचीन बौद्ध पांडुलिपियों को डिजिटाइज करने में मदद भी करेगा। भारत नालंदा विश्वविद्यालय और गंदन मठ के बीच आध्यात्मिक संबंध भी स्थापित करेगा।
- **अन्य:**
  - o मंगोलियाई नागरिकों को नि:शुल्क ई-वीजा प्रदान करना।
  - o तीसरे देशों के बंदरगाहों की क्षमताओं के माध्यम से व्यापार को बढ़ाना।
  - o यूरेनियम आपूर्ति श्रृंखला और महत्त्वपूर्ण खनिजों में सहयोग को मजबूत करना।

### भारत के लिए मंगोलिया का महत्त्व

- **सामरिक महत्त्व:** मंगोलिया की सामरिक अवस्थिति भारत के लिए क्षेत्रीय स्थिरता और भू-राजनीतिक संतुलन बढ़ाने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।
- **अन्तरराष्ट्रीय और विकास सहयोग:** दोनों देश मुक्त, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत के साथ-साथ बहुपक्षीय मंचों पर भी सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- **ऊर्जा और आर्थिक साझेदारी:** मंगोलिया के पास कोकिंग कोल का विशाल भंडार है, जो भारत के इस्पात उद्योग के लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

### भारत-मंगोलिया संबंध

- **द्विपक्षीय संबंध:** राजनयिक संबंध वर्ष 1955 में स्थापित हुए थे। रणनीतिक साझेदारी वर्ष 2015 में स्थापित हुई थी।
- **आर्थिक संबंध:** कुल द्विपक्षीय व्यापार 110.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।
- **सैन्य सहयोग:** सैन्य अभ्यास- नोमेडिक एलीफैंट और खान क्वेस्ट।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## प्रमुख और गौण खनिज

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय खान मंत्रालय ने चूना पत्थर को प्रमुख खनिज के रूप में वर्गीकृत किया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### प्रमुख और गौण खनिज:

- खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत् खनिजों को मुख्य रूप से दो श्रेणियों में बांटा गया है: प्रमुख खनिज और गौण खनिज।
- प्रमुख खनिज में ईंधन स्रोत वाले खनिज शामिल हैं। जैसे-कोयला, लिग्नाइट, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस। साथ ही इनमें धात्विक खनिज और अधात्विक खनिज भी शामिल हैं।
- गौण खनिज में संगमरमर, स्लेट, शेल आदि शामिल हैं।
- खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 राज्य सरकारों को गौण खनिजों के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## भारत में हाथियों की स्थिति

### चर्चा में क्यों?

- **भारत में हाथियों की स्थिति, हाथियों का DNA आधारित समकालिक अखिल भारतीय आबादी अनुमान (SAIEE) 2021-25 रिपोर्ट जारी की गई।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:


- SAIEE भारत में हाथियों की DNA आधारित पहली गणना है। यह गणना पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के 'प्रोजेक्ट एलीफेंट' के तत्वावधान में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा की गई है।
- इसके अनुसार एशियाई हाथियों की कुल आबादी 22,446 है। वनों में रहने वाले एशियाई हाथियों की सर्वाधिक संख्या भारत में है, जो एशियाई हाथियों की कुल वैश्विक आबादी की लगभग 60% है।
- राज्यों में एशियाई हाथियों की सर्वाधिक संख्या वाला राज्य कर्नाटक है। उसके बाद असम, तमिलनाडु और केरल का स्थान है।
- **सिफारिशें:** इनमें वन्य गलियारों और कनेक्टिविटी को मजबूत करना, पर्यावास की पुनर्बहाली करना, संरक्षण रणनीतियों में आवश्यक सुधार करना और विकास परियोजनाओं का शमन करना आदि शामिल हैं।

### एशियाई हाथी

- यह एशिया महाद्वीप पर सबसे बड़ा स्थलीय स्तनपायी है। ये 13 देशों में शुष्क से लेकर आर्द्र वन और घास के मैदानों में पाए जाते हैं।
- ये जटिल सामाजिक संरचना वाले समूह में रहते हैं, जिसका नेतृत्व सबसे बुजुर्ग मादा हथिनी करती है।
- किसी भी स्तनधारी की तुलना में इनका गर्भकाल सबसे लम्बा होता है, जो 22 महीने का होता है।
- **संरक्षण की स्थिति:**
  - **IUCN लाल सूची:** एंडेंजर्ड।
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972:** अनुसूची I में सूचीबद्ध।
  - **CITES:** परिशिष्ट I में सूचीबद्ध।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वन घोषणा-पत्र आकलन, 2025 रिपोर्ट




## मुख्य बिन्दु:

- यह रिपोर्ट फॉरेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंट ने जारी की है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **वनों की कटाई की दर:** 2024 में 8.1 मिलियन हेक्टेयर वन नष्ट हो गए थे, जो कि 2030 तक वनों की कटाई को रोकने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आवश्यक स्तर से 63% अधिक है।
- **वित्तीय प्रवाह में खामियाँ:** हानिकारक सब्सिडी और हरित सब्सिडी के मध्य का अनुपात 200:1 है। यह हानिकारक सब्सिडी की तुलना में हरित सब्सिडी की अत्यंत कम मात्रा को दर्शाता है।

### वनों के नष्ट होने के मुख्य कारण

- **स्थायी कृषि:** इसमें ऑयल पाम, कोको, बागवानी, नट्स, रबड़, मौसमी फसलों और चारागाह की खेती लगभग 86% निर्वनीकरण के लिए जिम्मेदार पाई गई है।
- **खनन क्षेत्रक:** वैश्विक स्तर पर लगभग 77% खदानें प्रमुख जैव विविधता क्षेत्रों (KBAs) से 50 किमी से भी कम दूरी पर स्थित हैं।
- **पर्यावरण संबंधी अपराध:** वनों की अवैध कटाई और इमारती लकड़ी की तस्करी से प्रतिवर्ष लगभग 281 बिलियन डॉलर की अवैध आय होती है।

### वनों की पुनर्बहाली के लक्ष्य


- **बॉन चैलेंज:** 2020 तक 150 मिलियन हेक्टेयर निम्नीकृत और वन-उन्मूलन वाली भू-भाग की तथा 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भू-भाग की पुनर्बहाली करना।
- भारत ने 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर भूमि को पुनः बहाल करने का संकल्प लिया है।
- **कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता फ्रेमवर्क (KM-GBF) (2022) का टारगेट 2:** इसमें 2030 तक कम-से-कम 30% निम्नीकृत स्थलीय, अंतर्देशीय जल और तटीय एवं समुद्री पारिस्थितिकी-तंत्र क्षेत्रों की प्रभावी रूप से पुनर्बहाली करना शामिल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 2025 की ग्लोबल हंगर इंडेक्स (GHI) रिपोर्ट: 20 इयर्स ऑफ ट्रैकिंग प्रोग्रेस: टाइम टू रिकमिट टू जीरो हंगर

## चर्चा में क्यों?

- यह रिपोर्ट कंसर्न वर्ल्डवाइड, जर्मन एजेंसी वेल्टहंगरहिल्फ़ और इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल लॉ ऑफ पीस एंड आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट (IFHV) द्वारा प्रकाशित की गई है।




## मुख्य बिन्दु:

- वैश्विक भूखमरी में 2016 के बाद अत्यधिक कम गिरावट आई है। इस दिशा में प्रगति रुकने से 2030 तक शून्य भूखमरी के लक्ष्य का हासिल होना मुश्किल हो गया है।
- सूचकांक में भारत 123 देशों में 102वें स्थान पर है। भारत का GHI स्कोर 25.8 है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में रखा गया है।

### भुखमरी के लिए जिम्मेदार कारक:

- संघर्ष
- खाद्य प्रणाली को नष्ट कर रहे जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय आघात
- मुद्रास्फीति और मुद्रा के अवमूल्यन सहित आर्थिक अस्थिरता



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **मानवीय आधिकारिक विकास सहायता में कमी**
- **आय असमानता आदि।**

**ग्लोबल हंगर इंडेक्स**

- **यह वैश्विक, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर भूखमरी को मापने और उसे ट्रैक करने का काम करता है।**
- **GHI स्कोर 0 से 100 के बीच होता है, जहाँ 0 सबसे अच्छा संभव स्कोर (शून्य भुखमरी) है वहीं 100 सबसे खराब (अत्यधिक भुखमरी) है।**

**GHI के चार संकेतक**

- **अल्पपोषण: अपर्याप्त कैलोरी सेवन।**
- **बाल ठिगनापन (Child stunting): 5 वर्ष से कम आयु के वे बच्चे, जिनकी उम्र के हिसाब से लंबाई कम है।**
- **बाल दुबलापन (Child wasting): 5 वर्ष से कम आयु के वे बच्चे, जिनका लम्बाई के हिसाब से वजन कम है।**
- **शिशु मृत्यु दर: वे बच्चे जिनकी उनके पाँचवें जन्मदिन से पहले मृत्यु हो जाती है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट

## चर्चा में क्यों?

- **IMF की विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट के अनुसार, 2025-26 के लिए भारत की GDP संवृद्धि दर 6.6% रहेगी। पहले 6.4% का अनुमान लगाया गया था।**






UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्य बिन्दु:

- **रिपोर्ट के अनुसार 2026-27 में भारत की संवृद्धि दर 6.2% होगी।**
- **वैश्विक आर्थिक संवृद्धि दर 2024 की 3.3% से घटकर 2025 में 3.2% और 2026 में 3.1% रहने का अनुमान है।**
- **जारीकर्ता: अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)**
- **उद्देश्य: यह रिपोर्ट विश्व अर्थव्यवस्था का निकट भविष्य के लिए और मध्यम अवधि का विश्लेषण व अनुमान प्रस्तुत करती है।**
- **यह रिपोर्ट आमतौर पर वर्ष में दो बार जारी की जाती है और बीच में इसके अपडेट भी जारी किए जाते हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## लीगल इन्फोर्मेशन मैनेजमेंट एंड ब्रीफिंग सिस्टम (LIMBS)

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय ने लीगल इन्फोर्मेशन मैनेजमेंट एंड ब्रीफिंग सिस्टम (LIMBS) के तहत् लाइव केसेज़ डैशबोर्ड लॉन्च किया।

### मुख्य बिन्दु:

- यह डैशबोर्ड न्यायालय में दर्ज मामलों का रियल टाइम डेटा विज़ुअलाइज़ेशन प्रस्तुत करेगा। इससे शीघ्र निर्णय लेने और विभिन्न मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित होगा।
- LIMBS मुकदमा की वेब-आधारित निगरानी प्रणाली है।
- यह एक ऑनलाइन टूल है, जिसके माध्यम से अदालत में दर्ज मामलों के निपटान होने तक पारदर्शी, प्रभावी और सक्रिय तरीके से किसी भी समय निगरानी की जा सकती है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ऑपरेशन चक्र V**<br><br>▪ **हाल ही में केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) ने ऑपरेशन चक्र- V के तहत् तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में तलाशी अभियान चलाया।**<br>▪ **उद्देश्य: साइबर अपराधियों से निपटना और नागरिकों को देश-विदेश से डिजिटल माध्यम से होने वाले शोषण से बचाना।** |

CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR